**कार्यालय आयुक्त/पदेन सचिव**
**छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति**
**(भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित)**
**ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**
website - eklavya.cg.nic.in ☎ - 2263708 Fax - 2262558 E mail - eklavya.ctd@gmail.com

---

क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430 नवा रायपुर, दिनांक 10/07/2026

## शिक्षण सत्र 2026–27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी किये जाने की सूचना

–––000–––

शिक्षण सत्र 2026–27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु प्रथम चरण के काउंसलिंग की प्रकिया संपन्न हो चुकी है। उक्त काउंसलिंग में सम्मिलित विद्यार्थियों में से चयनित अभ्यर्थियों की विद्यालयवार सूची वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in पर जारी की गई है।

उपरोक्तानुसार कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन कर आवंटित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में उपस्थित होकर **दिनांक 13.07.2026 से 18.07.2026**, समय प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर सकते है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में चयनित विद्यार्थी, कक्षा–6वीं प्रवेश के लिये आवश्यक दस्तावेज यथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T.C.), कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची (मार्कशीट), मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन प्रथम चरण की काउंसलिंग के लिये नहीं हुआ है, उनके लिये द्वितीय चरण के काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना अधिकृत वेबसाईट पर प्रदर्शित की जावेगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन करते रहें।

Digitally signed by
DHARMULA RAHUL VENKAT
Date: 10-07-2026 17:24:18

**आयुक्त/पदेन सचिव**
छ.ग. राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण,
आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर